मई, 2022 वर्ष : 43 अंक : 05 www.indiatibet.net

तिब्बत की पहली हिन्दी समाचार पत्रिका

तिब्बत देश



ओंटारियो पॉर्लियामेंटरी फ्रेंड्स ऑफ तिब्बत' की अध्यक्ष और कनाडा की एमपीपी भूटीला करपोछे से मुलाकात के दौरान सिक्योंग पेम्पा छेरिंग

मूल्य :10 रू , वार्षिक : 100 रू

मई, 2022 वर्ष : 43 अंक : 05

तिब्बत देश

तिब्बत की पहली हिन्दी समाचार पत्रिका पहली बार 1979 में प्रकाशित तिब्बत के बारे में सही जानकारी के साथ हर महीने आपके हाथो में

धर्मशाला के मैक्लॉडगंज स्थित परम पावन दलाई लामा के आवास पर उनके साथ तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक उज़रा ज़ेया

प्रधान संपादक
जमयंग दोरजी

सलाहकार संपादक
प्रो. श्यामनाथ मिश्र , डा. अतुल कुमार

प्रबंध संपादक
तेनजिन पलजोर , तेनजिन जोरदेन

वितरण प्रबंधक
छोन्यी छेरिंग

संपादकीय एवं प्रकाशन कार्यालय :
भारत तिब्बत समन्वय केन्द्र
एच -१० लाजपत नगर -३
नई दिल्ली -११००२४, भारत

तिब्बत देश में प्रकाशित विचरों से संपादक, प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है।

इसमें प्रकाशित सामग्री का उपयोग अन्यत्र किया जा सकता है। कृपया तिब्बत देश का उल्लेख अवश्य करें ।

समाचार -

- मोनलाम ग्रैंड तिब्बती शब्दकोश का विमोचन
- परम पावन दलाई लामा के साथ श्रोताओं के बीच पहुंची तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक उज़रा ज़ेया
- तिब्बतियों ने तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिकी विशेष समन्वयक उजरा ज़ेया का धर्मशाला में जोरदार स्वागत किया
- लापता तिब्बती लेखक को चीन के किंघई प्रांत की जेल में होने की खबरें - गेंदुन ल्हुंद्रुप एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे, जब उन्हें दिसंबर २०२० में गिरफ्तार किया गया।
- चीनी बिजली संयंत्र के लिए तिब्बतियों को जबरन विस्थापित किया गया - एक मठ और आसपास के गांव में रहने वाले तिब्बतियों को 'मुआवजा दिए बिना' स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया है।
- गिरती सेहत के कारण तिब्बती राजनीतिक कैदी की जेल से रिहाई - नोरज़िन वांग्मो को २०२० में आत्मदाह करनेवाले एक तिब्बती के बारे में समाचार साझा करने के आरोप में तीन साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।
- कनाडाई संसद की विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय विकास पर स्थायी समिति ने सिक्योंग पेन्पा छेरिंग के अनुमोदन के बाद चीन-तिब्बत वार्ता का समर्थन करने वाले प्रस्ताव को पारित किया
- न्यूयॉर्क में युवा तिब्बतियों और पेशेवरों ने सीटीए की वोलेंटियरली तिब्बत एडवोकेसी इनिशिएटिव (स्वैच्छिक तिब्बत पैरवी पहल) पर चर्चा की
- कनाडा में अपने आधिकारिक कार्यक्रमों के अंतिम चरण में सिक्योंग ने एमपीपी भूटीला करपोछे से मुलाकात की
- जेएनयू की कुलपति और प्रशासकों से मिले शिक्षा कालोन व सचिव

समाचार -

- राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य श्रीमती रिनचेन ल्हामो की शिलांग की आधिकारिक यात्रा
- तिब्बती छात्र तेनज़िन येशी को २०२२ का 'सर्वश्रेष्ठ युवा वैज्ञानिक' पुरस्कार मिला
- भारत-तिब्बत समन्वय संघ का विशेष प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिला
- बीटीएसएम दिल्ली प्रांत ने भारत-तिब्बत सहयोग मंच का २३वां स्थापना दिवस मनाया
- समिति अधिकारी उज्जवल पंत ने निर्वासित तिब्बती संसद का दौरा किया
- टोक्यो में 'ए गोल्डन वीक तिब्बत फेस्टिवल जापान' का आयोजन
- चिली के पांच सांसदों ने ११वें पंचेन लामा की तत्काल रिहाई की अपील की
- तिब्बत के लिए जर्मन संसदीय समूह ने चीन से तिब्बत के ११वें पंचेन लामा को रिहा करने का आह्वान किया
- तिब्बत के लिए जर्मन संसदीय समूह ने चीन से तिब्बत के ११वें पंचेन लामा को रिहा करने का आह्वान किया
- ऑस्ट्रेलिया तिब्बत काउंसिल ने 'ओवरकमिंग ऑब्स्टेकल: प्रोटेक्टिंग तिब्बतन रिलिजियस आइडेंटिटी (बाधाओं पर काबू: तिब्बती धार्मिक पहचान की रक्षा)' शीर्षक से तिब्बती धार्मिक पहचान पर व्यवस्थित हमले पर नई रिपोर्ट जारी की
- संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार प्रमुख को अति निगरानी में कराई जानेवाली झिंझियांग की यात्रा से बहुत कम उम्मीदें उग्यूर, तिब्बती और चीनी कार्यकर्ताओं को डर है कि मिशेल बाचेलेट अधिकारों के हनन के खिलाफ चीन पर कार्रवाई करने में विफल हो जाएंगी।

मुद्रक एवं प्रकाशक जमयांग दोरजी द्वारा प्रेम गुलाटी , डोली ऑफसेट प्रिंटर्स , डी -१५२ , एफ. एफ. सी. ओखला , नई दिल्ली -११००२० से मुद्रीत

तिब्बत के बारे में नियमित जानकारी के लिए भारत - तिब्बत समन्वय केन्द्र की वेबसाइट www.indiatibet.net Email: indiatibet7@gmail.com

- युवा तिब्बतियों को निशाना बना रहा चीन

अपनी बात

भारत सरकार से स्पष्ट तिब्बत नीति अपनाने की अपील

तिब्बत मामले के लिए अमरीकी विशेष समन्वयक अजरा जेया की धर्मशाला में मई की यात्रा के बाद से तिब्बती समुदाय एवं तिब्बत समर्थक संगठनों की मांग है कि भारत सरकार विदेश मंत्रालय के अन्तर्गत तिब्बत संबंधी एक अलग विभाग बनाये। भारत सरकार स्पष्ट तिब्बत नीति अपनाये तथा 2010 से बंद तिब्बत.चीन वार्ता पुनःप्रारंभ कराये। भारत सरकार चीन पर दबाव बढ़ाये तभी वह निर्वासित तिब्बत सरकार तथा परम पावन दलाई लामा के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करेगा। भारत में धर्मशाला ;हिमाचलप्रदेशद्ध से संचालित निर्वासित तिब्बत सरकार वास्तव में लोक तांत्रिक तरीके से श्विचार्चितश्सरकार है। वार्ता का आधार हो मध्यममार्ग नीति। यह तिब्बत एवं चीनए दोनों के लिये कल्याणकारी है।

मध्यममार्ग नीति के अनुसार तिब्बत पूर्ण आजादी की मांग छोड़कर सिर्फ श्वास्तविक स्वायत्तताश्के लिये तैयार है। स्वायत्तता की मांग चीनी संविधान और चीनी राष्ट्रीयता कानून के अनुकूल है। प्रतिरक्षा और अंतरराष्ट्रीय विषय चीन के पास रहें तथा धर्मए सांस्कृतिए शिक्षाए कृषि आदि अन्य विषय तिब्बतियों को सौंपे जायें। चीन की भौगोलिक एकता.अखण्डता तथा संप्रभुता की रक्षा के साथ ही तिब्बतियों की स्वशासन की मांग भी मध्यममार्ग नीति से पूर्ण हो जायेगी। अतः भारत सरकार से इस दिशा में प्रभावी कूटनीतिक प्रयास की उम्मीद तर्क संगत है।

अजरा जेया के दस सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल में नई दिल्ली स्थित कार्यवाहक अमरीकी राजदूत भी शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल का धर्मशाला परिसर में आगमन पर तिब्बतियों द्वारा हर जगहों पर हार्दिक स्वागत किया गया था। परम पावन दलाई लामा से प्रतिनिधिमंडल ने तिब्बत की चिन्ताजनक आंतरिक स्थिति के बारे में जाना। दलाई लामा ने तिब्बत मामले में जारी अमरीकी सहयोग एवं समर्थन के लिये आभार व्यक्त किया। उन्होंने आग्रह किया कि तिब्बत समस्या का हल शीघ्र निकाला जाये। अमरीकी विदेश मंत्रालय के अधीन कार्यरत तिब्बत मामले के लिए विशेष समन्वयक अजरा जेया के ने तृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने तिब्बत सरकार के सिक्योंगए मंत्रियोंए सांसदों तथा अन्य पद अधिकारियों के साथ भेंट की। उसने तिब्बती न्याय व्यवस्था को भी प्रशांसनीय पाया। उसने अन्य तिब्बती संस्थाओं एवं संगठनों के भी विचार जाने। हर जगह प्रतिनिधि मंडल ने अमरीकी तिब्बत नीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि अमरीका सदैव तिब्बती संघर्ष एवं लोकतंत्र के साथ रहेगा। वह निर्वासित तिब्बत

सरकार का समर्थन और

सहयोग जारी रखेगा। भारत सरकार से अमरीका के समान विदेश मंत्रालय के अधीन तिब्बत विभाग तथा तिब्बत नीति बनाने की अपील से चीन भले चिंतित होए लेकिन यह न्यायो चित है। भारत के साथ उसके संबंधों में तिब्बत की अनदेखी असंभव एवं अव्यावहारिक है। चीन को तिब्बत एवं दलाई लामा के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी। वह 1949 से स्वतंत्र तिब्बत पर अवैध कब्जा किये हुए है तथा वहॉ के धर्म गुरु दलाई लामा को विघटनकारी एवं आतंककारी समझता है। इस से चीन की अन्तरराष्ट्रीय छवि लगातार खराब हो रही है। नोबल पुरस्कार समेत कई राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय सरकारी तथा गैर सरकारी सम्मान और पुरस्कार प्राप्त कर चुके दलाई लामा ने ही तिब्बत के सवाल को समस्त संसार का सवाल बना दिया है। इसी मई में उनके सुखमय दीर्घ जीवन हेतु साक्य बौद्व परंपरा के प्रमुख ने धर्मशाला में विशेष पूजा की। इस अवसर पर दलाई लामा ने आश्वस्त किया कि वे अभी और 15.20 साल तक जीवित रहेंगे। उनके इस आश्वासन से तिब्बतियों तथा तिब्बत समर्थकों का खुश होना स्वाभाविक है।

तिब्बत के धार्मिक मामले में चीन का धर्म विरोधी व्यवहार अत्यन्त निंदनीय है। इसी 17 मई को 11वें पंचेन लामा गेदुन छुक्यी निमा के दुर्भाग्यपूर्ण सपरिवार चीनी अपहरण की साल गिरह है। इस अवसर पर विभिन्न राष्ट्रीय. अन्तरराष्ट्रीय संगठनों सहित तिब्बत सरकार के सूचना एवं अन्तरराष्ट्रीय संबंध विभाग ने उनकी शीघ्र रिहाई तथा उनके बारे में जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है। इस जोरदार मांग का महत्वपूर्ण कारण है तिब्बत के राज्याध्यक्ष ;सिक्योंगद्व पेंपा छेरिंग का तिब्बती बस्तियों का लगातार दौरा तथा तिब्बतन एडवोकेसी कैंपेन की सफल ता। पेंपा छेरिंग उत्तर पूर्व तथा मध्य भारत स्थित तिब्बती बस्तियों का दौरा कर चुके हैं। अभी 29 मई से वे दक्षिण भारत में प्रवास करेंगे। उनके प्रवास के परिणाम स्वरुप तिब्बतियों तथा तिब्बत सर्मथकों को संघर्ष की नई ऊर्जा मिलती है। स्थानीय भारतीय प्रशासन तथा संगठनों एवं व्यक्तियों का सहयोग.समर्थन भी सुनिश्चित हो जाता है।

विश्व के विभिन्न देशों में स्थित तिब्बती कार्यालय सुव्यवस्थित रुप से तिब्बत एडवोकेसी कैंपेन चला रहे हैं। वे उन देशों में तिब्बत में जारी क्रूरता पूर्ण चीनी नीति के दुष्परिणामों की जानकारी देते हैं। वे बता रहे हैं कि विस्तारवादी चीन सरकार पर अंकुश विश्व शांति के लिये बेहद जरुरी है। व्यापक पैमाने पर ग्लेशियर होने के कारण तिब्बत को संसार की छत तथा तीसरा ध्रुव कहा जाता है। भोगवादी चीनी नीति के फलस्वरुप तिब्बत के ग्लेशियर सिकुड़ते जार हे हैं। पर्यावरण तथा प्राकृतिक संसाधन संकटग्रस्त हैं। मानवाधिकारों का हनन जारी है। सांस्कृतिक.धार्मिक.ऐतिहासिक स्थल सुनियोजित विध्वंस के शिकार हैं। इस कैं पेनने चीन को बेनकाब कर दिया है। स्पष्ट है कि सिक्योंग पेंपा छेरिंग की तिब्बती बस्तियों की लगातार यात्रा से इन बस्तियों में कल्याण कारी योजनाओं के सुनियोजित क्रियान्वयन को तथा तिब्बती संघर्ष को नई गतिप्राप्त हुई है। इसी तरह तिब्बतन एडवोकेसी कैंपेन के फल स्वरुप तिब्बतियों के समर्थन में चीनी विरोध के बावजूद विश्व जनमत अधि का धिक मुखर हो रहा है। ऐसे अनुकूल समय में भारत सरकार भी विश्व हित में सुदृढ़ विश्व जनमत के अनुरुप चीन पर दबाव बढ़ाये।

प्रो. श्यामनाथ मिश्र
पत्रकार एवं अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग
राजकीय महाविद्यालय, तिजारा (राजस्थान)
मो.-9079352370, 8764060406
E-mail & Facebook: - shyamnathji@gmail.com

• मोनलाम ग्रैंड तिब्बती शब्दकोश का विमोचन

dalailama.com, २७ मई २०२२



धर्मशाला स्थित मुख्य तिब्बती मंदिर त्सुगलगखंग के उद्यान में मोनलाम ग्रैंड तिब्बती शब्दकोश का विमोचन करते परम पवन दलाई लामा

थेगछेन छोलिंग, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश, भारत। आज २७ मई की सुबह परम पावन दलाई लामा के कर कमलों द्वारा मोनलाम ग्रैंड तिब्बती शब्दकोश का विमोचन किया गया। विमोचन समारोह परम पावन के आवास के निकट ही अवस्थित मुख्य तिब्बती मंदिर त्सुगलगखंग के उद्यान में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में शाक्य गोंग्मा रिनपोछे, ४२वें और ४३वें शाक्य त्रिजिन, बॉन परंपरा के प्रमुख, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सदस्य, मित्र और समर्थक शामिल थे।

विमोचन के लिए परम पावन आने आवास के दरवाजे से निकलकर मंदिर प्रांगण से होते हुए चले। रास्ते में वे अनुयायियों को आशीर्वाद देते और उनसे बातचीत करते रहे। उन्होंने कुछ दर्शनार्थियों से हाथ मिलाया, कुछ अन्य से थोड़ी- बहुत बातचीत की। उन्होंने लोगों से माला और अन्य पूजा सामग्री स्वीकार की और उन्हें आशीर्वाद दिया। महीनों तक कोविड से जुड़ी पाबंदियों के बाद लोगों से आमने- सामने मिलकर उन्हें असीम आनंद की अनुभूति हो रही थी।

सभा को संबोधित करते हुए परम पावन ने कहा, 'हम तिब्बतियों की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा है। जब हम तिब्बत में थे, हम इस बात से अवगत नहीं थे कि हमारी यह परंपरा अन्य परंपराओं की तुलना में कैसी है। लेकिन जब हम निर्वासन में तिब्बत से बाहर निकले और भारत आए तो हमें पता चला कि हमारी विरासत कितनी मूल्यवान है। तिब्बती बौद्ध धर्म एक व्यावहारिक परंपरा है, जिसके मूल में नकारात्मक भावनाओं से पार पाने और मन को शांत करने के तरीके हैं। अपनी दैनिक साधना में मैं बोधिचित्त के जागरण और शून्यता की समझ विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करता हूं, जो एक साथ मुझे गहरी आंतरिक शांति प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा, 'अन्य धार्मिक परंपराओं के साधक प्रार्थना पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन हम अपने मानसिक दृष्टिकोण को बदलने की कोशिश करते हैं। आचार्य शांतिदेव 'बोधिसत्व के जीवन पथ के लिए मार्गदर्शन (गाइड टू द बोधिसत्वाज वे ऑफ लाइफ)' में बताते हैं कि जब धैर्य धारण करने की बात आती है तो हमारा दुश्मन ही हमारा सबसे अच्छा शिक्षक होता है। यदि हम इस पर ध्यान से विचार करें तो ऐसी कोई भी प्रतिकूल परिस्थितियाँ नहीं हैं, जिन्हें अनुकूल नहीं बनाया जा सकता है। नालंदा परंपरा के केंद्र में मन और भावनाओं के कामकाज को समझने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, 'लोग दुनिया में शांति की बात करते हैं, लेकिन अगर आपके दिल में गुस्सा और नफरत भरा है तो शांति के बारे में बात करना सिर्फ पाखंड है। इसके बजाय हमें करुणा के आधार पर दूसरों का किसी तरह का नुकसान नहीं करने यानी अहिंसा करने की प्राचीन भारतीय परंपरा को विकसित करने की आवश्यकता है।'

'तिब्बती मनीषियों ने इस बात पर गहन चिंतन किया कि चीनी परंपरा से क्या लिया जाए और भारत से क्या स्वीकार किया जाए। उन्हें जो लाभकारी लगा उसे आत्मसात कर लिया। हम तिब्बतियों ने सभी प्रकार की कठिनाइयों का सामना किया है, लेकिन हमने मन के प्रशिक्षण की साधना के कारण अपनी आंतरिक शांति बनाए रखी है। लोगों के सामने जब चुनौतियां आती हैं तो वे शांति और सुकून पाने के लिए नींद की गोलियां लेने लगते हैं। लेकिन हम तिब्बतियों को ऐसा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ती है।'

'निर्वासन में हमने तिब्बती स्कूलों की स्थापना में भारत सरकार से मदद का अनुरोध किया जहां हमारे बच्चे अपनी भाषा में पढ़ सकें। तिब्बती भाषा के संरक्षण ने हमारे धर्म और संस्कृति को जीवित रखने की हमारी क्षमता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैं यहां उपस्थित अपने सभी मित्रों और धर्म मित्रों को याद दिलाना चाहता हूं कि हमारी विरासत के बारे में सबसे कीमती बात यह है कि वह हमें मानसिक शांति प्राप्त करने और बनाए रखने में मदद करती है।'

केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सूचना और अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के मॉडरेटर तेनज़िन छिमे ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इनमें शाक्य गोंगमा रिनपोछे, ४२वें और ४३वें शाक्य पीठाधीश, रत्न वज्र रिनपोछे, ज्ञान वज्र रिनपोछे

और बॉन परंपरा के प्रमुख मेनरी ट्रिज़िन रिनपोछे शामिल थे। इस समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मॉडरेटर छिमे ने इस अवसर पर मोनलम ग्रैंड तिब्बती डिक्शनरी परियोजना के क्यूरेटर आदरणीय लोबसांग मोनलाम से परियोजना के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया।

लोबसांग मोनलाम ने बताया कि दलाई लामा ट्रस्ट के सहयोग से २०० से अधिक लोगों ने लगातार नौ वर्षों तक अथक परिश्रम करके २२३ खंडों में इस शब्दकोश का संकलन किया है। यह शब्दकोश न केवल पुस्तक के रूप में उपलब्ध है, बल्कि यह ३७ विभिन्न ऐप्स और एक पूर्ण वेबसाइट पर भी ऑनलाइन है, जिसे समय-समय पर अपडेट किया जाएगा।

भंते मोनलाम ने गर्व के साथ घोषणा की कि २,००,००० से अधिक प्रविष्टियों वाला यह शब्दकोश दुनिया की किसी भी भाषा के सबसे बड़े शब्दकोशों में से एक है। यह तिब्बती संस्कृति की विशाल गहराई को उद्घाटित करता है। इस परियोजना को पूरा करना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है जो तिब्बती सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

उन्होंने कहा कि तिब्बत के अंदर चीनी हमारी भाषा और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यहां निर्वासन में हम उन्हें जीवित रखने के लिए और भी अधिक प्रयास कर रहे हैं। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस परियोजना को साकार करने में योगदान दिया है। हम इस पर काम करना जारी रखेंगे और हम इसे अगले दस वर्षों में फिर से अपडेट करेंगे।

'मैं इस शब्दकोश के संकलन से प्राप्त पुण्य को परम पावन दलाई लामा के लंबे जीवन और उनके सपनों को साकार होने के लिए समर्पित करता हूं। मैं परम पावन के कार्यालय को २२३ खंडों का एक पूरा सेट भेंट करता हूँ और प्रार्थना करता हूँ कि परम पावन और तिब्बती बौद्ध धर्म की सभी परंपराओं के नेता दीर्घायु हों। तिब्बत के लिए अच्छे दिन जल्द आएं।'

इसके बाद एक बार फिर से सभा को संबोधित करने के लिए परम पावन को आमंत्रित किया गया।

परम पावन ने कहा, 'हम तिब्बती हमेशा भारत और चीन के बीच रहे हैं, लेकिन सम्राट सोंगत्सेन गम्पो के शासनकाल के दौरान हमने भारतीय मॉडल के आधार पर अपनी खुद की लिपि और भाषा बनाई। भाषा और लिपि में सक्षम हो जाने के बाद आचार्य शांतरक्षित ने तिब्बतियों को बुद्ध के वचनों और अनगिनत भारतीय विद्वानों के ग्रंथों से भरपूर बौद्ध साहित्य का अनुवाद हमारी अपनी भाषा में करने के लिए प्रोत्साहित किया। यही कारण है कि मैं अक्सर अपने भारतीय दोस्तों से कहता हूं कि आप अतीत में हमारे गुरु थे। लेकिन अब हम आपके गुरु हो सकते हैं क्योंकि हमने कारणों और तर्कों पर आधारित नालंदा परंपरा को जड़ से संरक्षित किया है।

'हमारे पास क्रोध से निपटने की तकनीकें और प्रेम और करुणा पैदा करने के साधन मौजूद हैं। दूसरों के प्रति करुणा रखने की प्रवृत्ति व्यक्ति के भीतर मन की शांति को जन्म देती है, जिसका परिवार और व्यापक समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वास्तव में आज हम इतने परस्पर जुड़े हुए हैं कि इस तरह के तरीके विश्व में शांति के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मन की शांति प्राप्त किए बिना विश्व शांति नहीं हो सकती है।'

'बुद्ध के उपदेशों में सबसे महत्वपूर्ण उनकी वह सलाह है कि उनके प्रवचनों पर आंख बंद करके विश्वास न करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि अनुयायियों को उनके शब्दों की जांच करनी चाहिए। उनके प्रवचनों की जांच इस तरह करनी चाहिए जैसे एक सुनार सोने की शुद्धता की जांच करता है। जब हम दिग्नाग और धर्मकीर्ति जैसे तर्कशास्त्रियों के कार्यों को पढ़ते हैं तो पाते हैं कि वे दूसरों के विचारों का मूल्यांकन और आकलन करने के लिए बहुत अधिक समय खर्च करते थे।'

उन्होंने कहा कि आज चीनी कम्युनिस्ट कट्टरपंथी तिब्बती संस्कृति को समझे बिना इसकी आलोचना कर रहे हैं। हम वर्तमान में इन २२३ खंडों को चीन भेजने में असमर्थ हो सकते हैं, लेकिन ताइवान में ऐसे लोग होंगे जो इस बात की सराहना कर सकते हैं कि हमने किस तरह की संस्कृति को संरक्षित किया है।

'हम चीन से पूर्ण स्वतंत्रता की मांग नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमें अपने धर्म और संस्कृति को जीवित रखने का अधिकार होना चाहिए। हम इस ज्ञान को अपने चीनी भाइयों-बहनों के साथ इस उम्मीद में साझा करना चाहेंगे कि ऐसा करने से हमारे बीच शांति को बढ़ावा मिलेगा।'

'हमारी संस्कृति का जन्म भारत में हुआ जिसे बेहतर तरीके से साबित करने के लिए आज हमारे पास हर तरह के साधन हैं। मुझे लगता है कि प्राचीन भारतीय ज्ञान के पहलुओं को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ने से बहुत लाभ होगा। मैं दिल्ली में शिक्षाविदों और अन्य लोगों के साथ इस बात पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं कि इसे कैसे किया जा सकता है। सबसे महत्वपूर्ण तत्व मन और भावनाओं के कामकाज को समझना है, जो मन की शांति की ओर ले जाता है। इससे लंबे समय तक दुनिया में शांति कायम रह सकती है।'

'चीनी कट्टरपंथी हमारे धर्म और संस्कृति के मूल्य को गलत समझते हैं। इस शब्दकोश का प्रकाशन, जिसका पहले से ही चीनी में अनुवाद किया जा रहा है, उन्हें सही तरीके से समझाने में मदद करेगा।'

'चीन में अध्ययन कर चुके मेरे परिचित एक तिब्बती ने मुझे बताया कि यद्यपि हम वर्तमान में चीनी राजनीतिक नियंत्रण में हैं, लेकिन लंबे समय में चीजें बदल जाएंगी और हम आध्यात्मिक रूप से उनकी मदद करने में सक्षम होंगे। जब चेयरमैन माओ ने मुझसे कहा कि धर्म अफीम है तो इसका कारण यह था कि वे इस बारे में बेहतर नहीं जानते थे। चीन में भारी भावनात्मक संकट है। हम वहां के लोगों को दिखा सकते हैं कि मन की शांति कैसे प्राप्त की जा सकती है।'

'जब हम निर्वासन में भारत आए तो हम अपने ज्ञान और संस्कृति की क्षमता के प्रति जागरूक हुए और हमने उन्हें जीवित रखने के लिए साहस और दृढ़ संकल्प के साथ काम किया। मैंने एक व्यक्ति के तौर पर जितना संभव था, वह सब किया है। आगे यहां उपस्थित आप सब लोग भी इसमें योगदान दे सकते हैं।'

• परम पावन दलाई लामा के साथ श्रोताओं के बीच पहुंची तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक उज़रा ज़ेया

tibet.net, १९ मई २०२२

धर्मशाला। तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक उजरा ज़ेया आज यानि गुरुवार १९ मई की सुबह परम पावन दलाई लामा के साथ धर्मशाला के मैक्लॉडगंज स्थित उनके आधिकारिक आवास पर श्रोताओं से रू-ब-रू हुईं। श्रोताओं में सिक्योंग पेन्पा छेरिंग, डीआईआईआर कालोन नोरज़िन डोल्मा, प्रतिनिधि नामग्याल चोएडुप और अमेरिका की विशेष समन्वयक के साथ आए प्रतिनिधिमंडल के सदस्य शामिल रहे।

अपने संबोधन के दौरान अमेरिका की विशेष समन्वयक ने परम पावन दलाई लामा को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिकी लोगों की ओर से बधाई दी। उन्होंने

धर्मशाला के मैक्लॉडगंज स्थित परम पावन दलाई लामा के आवास पर उनके साथ तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक उज़रा ज़ेया

परम पावन दलाई लामा के अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं और परम पावन द्वारा दिए गए शांति के संदेशों के लिए दुनिया की ओर से उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

परम पावन दलाई लामा और तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक ने भी अमेरिका और भारत में स्वतंत्रता और लोकतंत्र की समृद्ध परंपराओं पर चर्चा की। परम पावन ने तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक से मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और पूरी मानवता की एकता पर बल दिया। इस अवसर पर परम पावन ने अपने जीवन की चार मुख्य प्रतिबद्धताओं- सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देना, धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देना, तिब्बत की संस्कृति और पर्यावरण का संरक्षण और प्राचीन भारतीय ज्ञान का पुनरुद्धार- की व्याख्या भी की। परम पावन दलाई लामा ने आगे कहा कि चीन एड़ी-चोटी का जोर लगा लेने के बावजूद तिब्बती लोगों को जीतने और उनके विचारों को बदलने में विफल रहा है। परम पावन ने कहा कि उल्टे स्वयं चीनी लोगों की सोच तेजी से बदल रही है।
तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक १८-१९ मई तक धर्मशाला के दो दिवसीय दौरे पर हैं। कल यानि बुधवार १८ मई को उन्होंने केंद्रीय तिब्बती प्रशासन का दौरा किया और सिक्योंग पेन्पा छेरिंग की अध्यक्षता वाले १६वें कशाग के साथ चर्चा की। उन्होंने निर्वासित तिब्बती संसद, तिब्बती प्रदर्शन कला संस्थान (टीआईपीए), तिब्बत संग्रहालय का भी दौरा किया और तिब्बती नागरिक समाज के सदस्यों से भी मुलाकात की।

• तिब्बतियों ने तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिकी विशेष समन्वयक उजरा ज़ेया का धर्मशाला में जोरदार स्वागत किया

tibet.net, १८ मई २०२२

निर्वासित तिब्बती सरकार के मंत्रियों साथ तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक उज़रा ज़ेया

धर्मशाला। तिब्बतियों ने बुधवार को तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक उजरा जेया और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के धर्मशाला में पहले आगमन पर जोरदार स्वागत किया।

अमेरिकी विशेष समन्वयक धर्मशाला में अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले चरण में केंद्रीय तिब्बती प्रशासन पहुंचीं। सिक्योंग पेन्पा छेरिंग के नेतृत्व में सीटीए के प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल का कशाग सचिवालय में स्वागत किया। यहां पर उनकी एक संक्षिप्त बैठक के बाद गंगचेन किइशोंग में कार्यालयों का दौरा होगा।
धर्मशाला में अपने प्रवास के दौरान विशेष समन्वयक ज़ेया परम पावन दलाई लामा से उनके आवास पर मुलाकात भी करेंगी।

विशेष समन्वयक की धर्मशाला यात्रा केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सिक्योंग पेन्पा छेरिंग द्वारा पिछले महीने वाशिंगटन की सफल यात्रा के कुछ ही समय बाद हुई है, जहां सिक्योंग ने तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिकी विशेष समन्वयक के अलावा अमेरिकी कांग्रेस के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की स्पीकर नैन्सी पेलोसी, कांग्रेस में दोनों दलों के अन्य सांसदों और विदेश विभाग के अधिकारियों के साथ मुलाकात की थीं।

इससे पहले, सूचना और अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग (डीआईआईआर) कालोन नोरज़िन डोल्मा और डीआईआईआर के सचिव कर्मा चोयिंग ने फरवरी में अमेरिकी विदेश विभाग और कैपिटोल हिल पर एक सप्ताह की लंबी बैठक के लिए वाशिंगटन डीसी का दौरा किया था। डीआईआईआर कालोन और डीआईआईआर सचिव की उस यात्रा ने मई की शुरुआत में सिक्योंग की अमेरिका की अगली यात्रा का मार्ग प्रशस्त किया और अंततः तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिकी विशेष समन्वयक उजरा ज़ेया की धर्मशाला की यात्रा का मार्ग प्रशस्त हुआ।

फरवरी में अमेरिका यात्रा के दौरान डीआईआईआर कालोन नोरज़िन डोल्मा ने अमेरिकी विदेश विभाग में नागरिक, सुरक्षा, लोकतंत्र और मानवाधिकार (जे) की अवर सचिव और तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक उजरा जेया से मुलाकात की। उस समय अवर सचिव ज़ेया के साथ केंद्रीय तिब्बती प्रशासन की नेता की यह पहली व्यक्तिगत मुलाकात थी।

अवर सचिव जेया की धर्मशाला की यात्रा अमेरिकी विशेष समन्वयकों की यहां की यात्राओं के क्रम में छठी यात्रा है। जनवरी २००० में सहायक सचिव जूलिया टाफ्ट धर्मशाला का दौरा करने वाली पहली विशेष समन्वयक थीं। नवंबर २००६ में अमेरिकी अवर सचिव पाउला जे. डोब्रियन्स्की ने धर्मशाला का दौरा किया। २००९ में अवर सचिव मारिया ओटेरो (तब विशेष समन्वयक के रूप में सेवा करने के लिए नामित) धर्मशाला की यात्रा पर राष्ट्रपति बराक ओबामा के वरिष्ठ सलाहकार वैलेरी जैरेट के साथ आए थे। अवर सचिव सारा सिवाल ने २०१४ और २०१६ में धर्मशाला का दौरा किया था।

• लापता तिब्बती लेखक को चीन के किंघई प्रांत की जेल में होने की खबरें

गेंदुन ल्हुंद्रुप एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे, जब उन्हें दिसंबर २०२० में गिरफ्तार किया गया।

rfa.org / सांग्याल कुंचोक, २४.०५.२०२२

तिब्बतियों ने अपने जानकारों से मिली सूचना के आधार पर कहा है कि वर्ष २०२० में गिरफ्तार किए जाने के बाद से एक साल से अधिक समय तक अज्ञात स्थान में रखे गए तिब्बती लेखक और कवि गेंदुन ल्हुंद्रुप को सिलिंग (चीनी, शीनिंग में) की एक जेल में हिरासत में रखा गया है।

निर्वासन में रह रहे एक तिब्बती ने आरएफए को पहले बताया था कि मल्हो (हुआंगनान) तिब्बती स्वायत्त प्रिफेक्चर के रेबगोंग (टोंगरेन) काउंटी स्थित रोंगवो मठ के ४७ वर्षीय पूर्व भिक्षु ल्हुंद्रुप को हिरासत में लेने से पहले उनकी राजनीतिक असंतोष भड़काने के मामले में अधिकारियों द्वारा निगरानी की गई थी। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, अधिकारियों ने ल्हुंद्रुप को ०२ दिसंबर, २०२० को पश्चिमी चीन के किंघई प्रांत में उस समय गिरफ्तार किया जब वह रेबगोंग में एक धार्मिक वाद-विवाद में भाग लेने के लिए जा रहे थे। उन्हें चीनी पुलिस द्वारा चलाई जा रही एक काली कार के पिछले हिस्से में बिठा लिया गया था।

तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में रहने वाले एक तिब्बती ने बताया, 'हमें पता चला है कि गेंदुन ल्हुंद्रुप जिसका अब तक पता नहीं चला है, उसे सिलिंग के एक हिरासत केंद्र में रखा गया है। हालांकि, उनके परिवार के सदस्यों को अभी भी उनसे मिलने की अनुमति नहीं है और न ही उसकी स्थिति के बारे में कोई जानकारी सामने आई है।'

सूत्र ने कहा कि ल्हुंद्रुप को कथित तौर पर राजनीतिक पुनर्शिक्षा कार्यक्रम में रखा गया है, जहां उसे तिब्बती बौद्ध लिपियों का मंदारिन चीनी में अनुवाद करना होगा। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी चाहती है कि तिब्बती बौद्ध धर्म का अध्ययन विशेष रूप से चीनी भाषा कराया जाए।

निर्वासन में रह रहे एक दूसरे तिब्बती ने कहा कि चीनी अधिकारियों ने सितंबर २०२१ में फोन पर ल्हुंद्रुप के परिवार को बताया था कि लेखक के मुकदमे में जल्द ही सुनवाई शुरू की जाएगी। लेकिन उसके बाद से इस बारे में कुछ भी नहीं सुना गया है।

सूत्र ने कहा, 'ल्हुंद्रुप के एक करीबी सूत्र के अनुसार उसके मुकदमे के बारे में अभी भी कोई खबर नहीं है। लेकिन उसे एक विशेष हिरासत केंद्र में रखा जा रहा है, जहां उसकी जान को कोई खतरा नहीं है।'

२००८ में चीन के पश्चिमी प्रांतों में तिब्बत और तिब्बती क्षेत्रों में चीनी शासन के खिलाफ क्षेत्र-व्यापी विरोध प्रदर्शन के बाद चीनी अधिकारियों ने तिब्बती राष्ट्रीय पहचान और संस्कृति को बढ़ावा देने वाले तिब्बती लेखकों और कलाकारों को अक्सर हिरासत में लिया है, जिनमें से कई को लंबी जेल की सजा सुनाई गई है।

सूत्रों का कहना है कि हाल के वर्षों में राष्ट्रीय पहचान का दावा करने के तिब्बती प्रयासों के रूप में भाषा अधिकार

चीन के किंघई प्रांत की जेल में बंद तिब्बती लेखक गेंदुन ल्हुंद्रुप

विशेष मुद्दा बन गया है। इसीलिए चीनी सरकार द्वारा अनौपचारिक रूप से संगठित भाषा पाठ्यक्रमों को आम तौर पर 'अवैध संघ' माना जाता है और शिक्षकों को हिरासत में ले लिया जाता है या उनकी गिरफ्तारी हो जाती है।

अधिकारियों ने बौद्ध भिक्षुओं और भिक्षुणियों को तिब्बती के बजाय मंदारिन चीनी का उपयोग करने के आदेश भी जारी किए हैं।

सितंबर २०२१ में सरकारी अधिकारियों ने किंघई में एक धार्मिक सम्मेलन में निर्देश जारी कर तिब्बती बौद्ध मठों और अध्ययन केंद्रों को कक्षा के ग्रंथों का तिब्बती से चीन की 'सामान्य भाषा' मंदारिन चीनी में अनुवाद करने को कहा था। सूत्रों ने उस समय एक रिपोर्ट में आरएफए को बताया था।

भिक्षुओं और भिक्षुणियों से कहा गया था कि उन्हें अपनी मूल भाषा के बजाय चीनी भाषा में सीखना और बोलना चाहिए। यह नीति चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के देश भर में धर्म के चीनीकरण करने के आह्वान का हिस्सा है।

• चीनी बिजली संयंत्र के लिए तिब्बतियों को जबरन विस्थापित किया गया

एक मठ और आसपास के गांव में रहने वाले तिब्बतियों को 'मुआवजा दिए बिना' स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया है।

rfa.org / सांग्याल कुंचोक, १७.०५.२०२२

तिब्बती सूत्रों ने खबर दी है कि चीनी सरकार द्वारा बनाए जा रहे कि जलविद्युत परियोजना के लिए उत्तर-पश्चिमी चीन के किंघई प्रांत के एक तिब्बती गांव के निवासियों को जबरन अपने घरों से विस्थापित किया जा रहा है। पास के मठ में रहने वाले भिक्षुओं को भी मठ छोड़कर जाने के लिए कहा गया है।

इस सप्ताह क्षेत्र के एक तिब्बती निवासी ने आरएफए को बताया कि त्सोल्हो (चीनी-

हैनान) तिब्बती स्वायत्त प्रिफेक्चर स्थित अत्सोक गोन डेचेन चोईखोर लिंग मठ के भिक्षुओं ने इस सरकारी आदेश को वापस लेने के लिए चीनी अधिकारियों के पास याचिका दायर की है।

उत्तर-पश्चिमी चीन के किंघई प्रांत स्थित तिब्बती लेखक गेंदुन ल्हुंद्रुप का गांव

आरएफए के सूत्र ने सुरक्षा कारणों से नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'लेकिन चीनी स्थानीय पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी तिब्बतियों के बीच जा रहे हैं और उन्हें मुआवजे की परवाह किए बिना स्थानांतरित करने की चेतावनी दे रहे हैं।'

सूत्र ने कहा, 'मठ के भिक्षुओं को भी बैठकों में बुलाया जा रहा है और स्थानांतरण के लिए सहमत होने का आदेश दिया गया है।'

आरएफए के सूत्र ने कहा कि दिसंबर २०२१ में परियोजना की व्यवहार्यता की जांच के बाद चीनी सरकार द्वारा माचू नामक कंपनी को बिजली संयंत्र के निर्माण का काम और उसकी देखरेख के लिए अधिकृत किया गया था।

डेचेन चोखोर लिंग मठ की स्थापना १८८९ में हुई थी और वर्तमान में यहां १५७ भिक्षु निवास करते है। सूत्रों के अनुसार, हालांकि २०२१ के बाद से मठ में १८ वर्ष से कम आयु के भिक्षुओं को रहने या अध्ययन करने की सरकार की ओर से मनाही है।

बार-बार गतिरोध

तिब्बती क्षेत्रों में चीनी विकास परियोजनाओं को लेकर तिब्बतियों ने लगातार गतिरोध पैदा किया है। तिब्बती लोग चीनी फर्मों और स्थानीय अधिकारियों पर भूमि को अनुचित रूप से अधिग्रहित करने और स्थानीय लोगों के जीवन यापन को दूभर बनाने का आरोप लगाते रहे हैं।

कई परियोजनाओं में विरोध को कुचलने के लिए हिंसक दमन का सहारा लिया जाता है और परियोजना मालिकों द्वारा लोगों को हिरासत में डाल दिया जाता है। स्थानीय आबादी पर सरकार की आज्ञाओं का पालन करने के लिए तीव्र दबाव डाला जाता है।

भारत के धर्मशाला स्थित एक गैर सरकारी संगठन 'तिब्बतन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स एंड डेमोक्रेसी' ने बताया है कि तिब्बत में चीन के विकास अभियान ने इस क्षेत्र को बीजिंग के साथ आर्थिक और सांस्कृतिक एकीकरण के करीब ला दिया है।

इस तरह की परियोजनाएँ स्वयं तिब्बतियों को किसी तरह का लाभ पहुंचाने में विफल रही हैं। ग्रामीण तिब्बती अक्सर पारंपरिक चराई वाली भूमि से और शहरी क्षेत्रों में चले जाते हैं, लेकिन यहां की सबसे अच्छी नौकरियां हान मूल के चीनी नागरिकों को दी जाती हैं।

गिरती सेहत के कारण तिब्बती राजनीतिक कैदी की जेल से रिहाई

• नोरज़िन वांग्मो को २०२० में आत्मदाह करनेवाले एक तिब्बती के बारे में समाचार साझा करने के आरोप में तीन साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

rfa.org / सांग्याल कुंचोक, ०५.०५.२०२२

गिरती सेहत के कारण जेल से रिहा तिब्बती राजनीतिक कैदी नोरज़िन वांग्मो

तिब्बत में रहने वाले एक तिब्बती ने गुरुवार को आरएफए को बताया कि चीनी अधिकारियों ने तिब्बत की उस राजनीतिक कैदी नोरज़िन वांग्मो को रिहा कर दिया है, जिन्हें २०२० में गिरफ्तार किया गया था। वाग्मो को एक तिब्बती द्वारा आत्मदाह कर लिए जाने की खबर सार्वजनिक करने के आरोप में तीन साल की सजा सुनाई गई थी। उस तिब्बती ने चीन की दमनकारी नीतियों के विरोध में आत्मदाह कर लिया था।

तिब्बती सूत्र ने बताया कि 'नोरज़िन वांग्मो को ०२ मई को काइगुडो की जेल से अप्रत्याशित रूप से रिहा कर दिया गया, जहां वह तीन साल की सजा भुगत रही थी।' सुरक्षा कारणों से अपनी पहचान उजागर करने से इनकार करते हुए इस तिब्बती सूत्र ने बताया कि 'जेल में गंभीर यातना और बीमारी के उपचार में कमी के कारण वह मुश्किल से अपने पैरों पर खड़ी हो सकती है।'

सूत्र ने कहा, 'वर्तमान में उनका इलाज घर पर ही किया जा रहा है क्योंकि उन्हें इलाज के लिए अस्पतालों तक जाने की अनुमति नहीं है। चीनी सरकार द्वारा उसकी अभी भी बारीकी से निगरानी की जाती है।'

किंघई प्रांत के युशुल (चीनी- युशु) तिब्बती स्वायत्त प्रफिक्चर के खाम क्येगुडो की निवासी वांग्मो पर आरोप लगाया गया था कि उसने प्रीफेक्चर के ही चुमारलेब (कुमलाई) काउंटी में तेनज़िन शेरब द्वारा मई २०१३ में किए गए आत्मदाह के बारे में जानकारी सार्वजनिक कर दी थी।

वाग्मो शादीशुदा हैं और उसके तीन बच्चे हैं। उन्हें बहुत ही गुप्त तरीके से की गई सुनवाई के बाद मई २०२० में सजा सुनाई गई थी। उसके परिवार को लगातार अनुरोधों के बावजूद भी जेल में उनसे मिलने की अनुमति नहीं दी गई थी।

चीनी सरकार द्वारा लगाए गए तिब्बत में सख्त प्रतिबंध और कठोर नीतियों के कारण वांग्मो का मामला उनकी गिरफ्तारी के २० महीने बाद तक भी निर्वासित तिब्बती समुदाय तक नहीं पहुंचा।

इस मामले से अच्छी तरह से वाकिफ निर्वासन में रह रहे एक अन्य तिब्बती ने बताया कि 'गिरफ्तारी से पहले उनसे स्थानीय पुलिस द्वारा लगभग २० घंटे तक पूछताछ की गई थी।' सूत्र ने कहा, 'उसके हाथ और पैर दोनों बेड़ियों में जकड़े हुए थे और उसके परिवार को उन्हें जेल ले जाने से कुछ मिनट पहले ही उन्हें देखने की अनुमति दी गई थी। उनके परिवार के लोगों ने उनके लिए जो कपड़े और अन्य सामान लाए थे, वह भी वापस कर दिया गया था।'

• कनाडाई संसद की विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय विकास पर स्थायी समिति ने सिक्योंग पेन्पा छेरिंग के अनुमोदन के बाद चीन-तिब्बत वार्ता का समर्थन करने वाले प्रस्ताव को पारित किया

tibet.net, ०६ मई २०२२

कनाडा की संसद में सिक्योंग पेम्पा छेरिंग

ओटावा। सिक्योंग पेन्पा छेरिंग की कनाडा यात्रा के दौरान मुख्य आकर्षण निश्चित रूप से वहां के हाउस ऑफ कॉमन्स की विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय विकास पर स्थायी समिति के समक्ष उनकी पहली उपस्थिति रही। यहां उन्होंने तिब्बत संकट के बारे में विस्तार से बयान दिया, जिसमें पिछले २७ साल से लापता तिब्बत के ११वें पंचेन लामा से संबंधित मामला भी शामिल था। उनका अनुमोदन मिलने के बाद समिति ने तिब्बत मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने वाले एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

सिक्योंग के संबोधन से पहले सांसद आरिफ विरानी द्वारा सिक्योंग का सदन में औपचारिक रूप स्वागत किया गया और उनका परिचय कराया गया। विरानी ने ही सदन को बुनियादी मानवाधिकारों के लिए तिब्बती संघर्ष के मुद्दे को समर्थन करने के लिए प्रेरित किया।

गुरुवार ०५ मई को समिति के समक्ष अपने बयान में सिक्योंग ने तिब्बत से संबंधित मुद्दे के बारे में जोरदार विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने पश्चिमी देशों को तिब्बत के बारे में चीन रचित इतिहास के अलावा अन्य स्रोतों से भी अध्ययन करने की जरूरत पर जोर दिया और कनाडा के नीति निर्माताओं से चीन के खिलाफ अधिक कानून और प्रतिबंधों के साथ आगे आने का आग्रह किया।

चीनी शासन में तिब्बत के भीतर राजनीतिक और मानवाधिकारों की गंभीर स्थिति पर प्रकाश डालते हुए सिक्योंग ने तिब्बती भाषा और संस्कृति के दमन पर चिंता व्यक्त की। भाषा दमन के मुद्दे पर सांसद गार्नेट जेनुइस के सवाल के जवाब में सिक्योंग ने चीनी शासन के तहत तिब्बती भाषा के क्षरण के मामले में शी जिनपिंग के नेतृत्व में माओत्से तुंग के नेतृत्व से भी बदतर स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान शी सरकार के तहत तिब्बती भाषा को लेकर बहुत कम स्वतंत्रता है या यों कहा जाए कि कोई स्वतंत्रता है ही नहीं।

सिक्योंग ने कहा, 'जब शी जिनपिंग सत्ता में आए तो उन्होंने भाषा को लेकर तिब्बतियों को जो थोड़ी सी स्वतंत्रता प्राप्त थी, उसको भी ध्वस्त कर दिया। इसका कारण था कि उन्होंने 'एक चीन नीति' लागू की, जिसके तहत चीनी भाषा और संस्कृति के अलावा भाषा और संस्कृति के अध्ययन के लिए कोई जगह नहीं थी। स्कूलों और संस्थानों को शिक्षा का माध्यम तिब्बती से बदलकर चीनी भाषा करने के लिए मजबूर किया गया।'

अपनी गवाही में सिक्योंग पेन्पा छेरिंग ने पंचेन लामा के संबंध में टिप्पणी की कि परम पावन दलाई लामा द्वारा मान्यता प्राप्त गेधुन चोएक्यी न्यिमा को पंचेन लामा के रूप में मान्यता नहीं देकर चीन ने एक बड़ी सामरिक त्रुटि की है। उन्होंने कहा, 'अगर चीन ने ऐसा किया होता तो उनके पास तिब्बतियों द्वारा माने गए गेधुन चोएक्यी न्यिमा पंचेन लामा होते। न कि उनके द्वारा थोपा गया ऐसा लड़का जिसे न तो परम पावन दलाई लामा और न ही तिब्बतियों द्वारा मान्यता मिली हुई है।' उन्होंने कहा कि ११वें पंचेन लामा के ठिकाने और उनके सेहत की सच्चाई को छिपाने का चीन का मकसद दलाई लामा के पुनर्जन्म में हस्तक्षेप करने का तरीका है क्योंकि इसमें दलाई लामा और पंचेन लामा द्वारा एक-दूसरे को पारस्परिक मान्यता प्रदान करना शामिल है।

चीन-तिब्बत वार्ता को फिर से शुरू करने से संबंधित मुद्दे पर बोलते हुए सिक्योंग ने चीनी नेताओं से संपर्क करने के कई प्रयासों के बावजूद 'चीनी समकक्षों की ओर से कोई उत्तर न मिलने' के कारण बातचीत में गतिरोध आने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति शी के नेतृत्व में चीजें भयावह दिखती हैं, यहां तक कि निकट भविष्य में बातचीत की उम्मीद भी दूर की कौड़ी लगती है।' इसके साथ ही उन्होंने समिति से सर्वसम्मति से चीन-तिब्बत वार्ता को फिर से शुरू करने पर प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया।

गवाही के दौरान सिक्योंग के साथ ताशी ल्हुनपो मठ (पंचेन लामा की सीट) के मठाधीश ज़ीक्याब रिनपोछे थे, जिन्होंने गेधुन चोएक्यी न्यिमा के मामले पर कुछ आवश्यक बयान दिए और समिति के समक्ष पांच सूत्रीय अपील भी प्रस्तुत की और उम्मीद जताई कि वे अपीलों पर सकारात्मक रूप से विचार करेंगे।

ज़ीक्याब रिनपोछे द्वारा प्रस्तुत पाँच सूत्रीय अपील:

१ कनाडा सरकार चीन में राजदूत को ११वें पंचेन लामा से मिलने और उनके ठिकाने और कुशलक्षेम का पता लगाने के लिए आदेश दे और इस बारे में प्रस्ताव पारित करे।

२ कनाडा सरकार २७ वर्षों से जबरन गायब होने के पीड़ित ११वें पंचेन लामा को सम्मानित करे। इसके साथ ही कनाडा ऐसे किसी भी व्यक्ति को सम्मानित करे जिसे उनके मानवाधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता, बाल अधिकारों और आवागमन, निवास और अन्य मौलिक अधिकारों से वंचित किया गया है।

३ उनकी शीघ्र रिहाई के लिए और उनकी स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए कनाडा की संसद से ११वें पंचेन लामा का जन्मदिन मनाने की अपील की जाती है।

४ ताशी ल्हुनपो मठ के एक लामा जाड्रेल रिनपोछे की रिहाई के लिए सक्रिय रूप से आह्वान किया जाए, जो ११वें पंचेन लामा के साथ-साथ कई अन्य तिब्बती राजनीतिक कैदियों की खोज समिति के प्रमुख थे। तिब्बत में विकट स्थिति के कारण विरोध करने के लिए तिब्बती आत्मदाह के कृत्यों का सहारा ले रहे हैं। नवीनतम आत्मदाह का मामला इसी साल २५फरवरी को २५ वर्षीय तिब्बती गायक छेवांग नोरबू और २७ मार्च को ८१ वर्षीय ताफून का हैं। तिब्बत की गंभीर स्थिति की ओर संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित करने के लिए कम से कम १५७ तिब्बतियों ने अपने सबसे कीमती जीवन का बलिदान दिया है। इसलिए, कनाडा सरकार से उनकी अपीलों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देने का आग्रह किया जाता है।

५ तिब्बत में तिब्बतियों की आकांक्षा है कि परम पावन दलाई लामा जल्द से जल्द तिब्बत लौटें। इसलिए कनाडा सरकार से परम पावन दलाई लामा और केंद्रीय तिब्बती प्रशासन का समर्थन लिए के लिए ठोस पहल करने पर विचार करने की अपील की जाती है ताकि पारस्परिक रूप से लाभकारी मध्यम मार्ग के माध्यम से चीन-तिब्बत संघर्ष के समाधान को सक्षम बनाया जा सके।

• न्यूयॉर्क में युवा तिब्बतियों और पेशेवरों ने सीटीए की वोलेंटियरली तिब्बत एडवोकेसी इनिशिएटिव (स्वैच्छिक तिब्बत पैरवी पहल) पर चर्चा की

tibet.net, ०३ मई २०२२

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क और उसके आसपास रहने वाले तिब्बती युवाओं और युवा पेशेवरों के लिए ०१ मई २०२२ को न्यूयॉर्क स्थित तिब्बती सामुदायिक केंद्र के हॉल में वोलेंटियरली तिब्बत एडवोकेसी ग्रुप (स्वैच्छिक तिब्बत पैरवी समूह) द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'तिब्बती युवाओं और युवा पेशेवरों का सिक्योंग के साथ बातचीत (इंटरेक्शन विद सिक्योंग: तिब्बतन यूथ्स एंड यंग प्रोफेशनल्स)' पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में तिब्बती आंदोलन में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला गया और इस बात पर चर्चा की गई कि तिब्बती युवा तिब्बती आंदोलन में कैसे योगदान दे सकते हैं।



न्यूयॉर्क में सीटीए की वोलेंटियरली तिब्बत एडवोकेसी इनिशिएटिव की बैठक में युवा तिब्बती और पेशेवर

वोलेंटियरली तिब्बत एडवोकेसी ग्रुप या वी-टैग की शुरुआत १६वें कशाग द्वारा की गई है। इसका प्राथमिक उद्देश्य तिब्बत के व्यापक उद्देश्य के लिए प्रत्येक तिब्बती को अपने तरीके से योगदान करने के लिए एक मंच प्रदान करके दुनिया भर में मौजूदा पैरवीकारी अभियानों को मजबूत करना है। इसे पिछले साल ०६ नवंबर को ज्यूरिख में केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सिक्योंग पेन्पा छेरिंग द्वारा लॉन्च किया गया था।

कार्यक्रम में सूचना और अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग में तिब्बत पैरवीकारी अनुभाग के प्रमुख दुक्थेन क्यी ने तिब्बती युवाओं को वोलेंटियरली तिब्बत एडवोकेसी इनिशिएटिव के बारे में बताया। उन्होंने व्यापक प्रस्तुति के माध्यम से वी-टैग पहल के प्रमुख पहलुओं का वर्णन किया। इसमें इसके लक्ष्य, इसकी जरूरत और वी-टैग सदस्यों के साथ-साथ इसमें शामिल पक्षों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियों के बारे में समझाया गया।

दुक्थेन क्यी ने विशेष रूप से अमेरिका और कनाडा में वी-टैग के कामकाज पर चर्चा की। उन्होंने इन देशों में नए कार्यक्रम के साथ और अधिक तिब्बती युवाओं को पंजीकृत कराने की आवश्यकता पर बल दिया। युवा श्रोताओं ने पूरी प्रस्तुति को ध्यान से सुना।

वी-टैग पर युवाओं की भागीदारी के बारे में चर्चा के बाद सिक्योंग पेन्पा छेरिंग ने १९४८ में व्यापार प्रतिनिधिमंडल द्वारा अमेरिका के साथ तिब्बत के पहले राजनीतिक संबंधों और इसके बाद सीआईए की सहायता से चीनियों के खिलाफ विद्रोह के लिए निर्वासित तिब्बतियों के प्रशिक्षण की ऐतिहासिक कहानी सुनाई। सिक्योंग ने तिब्बत को लेकर अमेरिका के न्युयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र के १९५९, १९६१ और १९६५ के तीन प्रस्तावों की व्याख्या की और तिब्बत और संयुक्त राष्ट्र के बीच राजनीतिक संबंधों पर युवा तिब्बतियों का ज्ञानवर्द्धन किया।

इसके अलावा सिक्योंग ने युवाओं से तिब्बत के मुद्दे पर अमेरिकी सरकार का समर्थन हासिल करने की परम पावन दलाई लामा की कड़ी मेहनत और दृढ़ता को याद रखने का आग्रह किया। सिक्योंग ने बताया कि तिब्बतियों के लिए अमेरिका का वर्तमान समर्थन १९७९ में दलाई लामा की अमेरिका की पहली यात्रा के बाद मिला। इसके बाद के दशकों में उन्होंने अमेरिका की कई यात्राएं कीं, जिसमें अमेरिकी सरकार के विभिन्न गवर्नरों के साथ उनके मैत्रीपूर्ण संबंध मजबूत हुए।

सिक्योंग ने अमेरिका में तिब्बतियों की सीमित संख्या, बहुत कम समर्थन और कमजोर आधार के बावजूद अंतरराष्ट्रीय संगठनों का ध्यान अपनी ओर आकर्षति करने में पहले के तिब्बतियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उनका मानना है कि तिब्बती युवाओं के समन्वित प्रयासों को शामिल करने वाली एक समयबद्ध लॉबी उपयोगी साबित होगी और तिब्बत के लिए उपयोगी परिणाम दिलाएगी। उन्होंने इसके साथ ही वोलेंटियरली तिब्बत एडवोकेसी इनिशिएटिव को आगे बढ़ाने में तिब्बती युवाओं की भागीदारी और समर्थन का स्वागत किया।

सिक्योंग ने युवाओं को अपने अंतिम संदेश में कहा कि वे अच्छी तरह से शोध किए गए लेखों और पुस्तकों को पढ़कर तिब्बत के बारे में खुद को शिक्षित करें, ताकि वे तिब्बत पर चर्चा करते समय आत्मविश्वास से बोल सकें। इसके अलावा, उन्होंने उनसे चीन-तिब्बत संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए अपने प्रयासों में समन्वय स्थापित करने का आग्रह किया।

कनाडा में अपने आधिकारिक कार्यक्रमों के अंतिम चरण में सिक्योंग ने एमपीपी भूटीला करपोछे से मुलाकात की

tibet.net, १० मई २०२२

टोरंटो। कनाडा में अपने आधिकारिक कार्यक्रम के अंतिम चरण में सिक्योंग पेन्पा छेरिंग ने 'ओंटारियो पॉर्लियामेंटरी फ्रेंड्स ऑफ तिब्बत' की अध्यक्ष एमपीपी भूटीला कारपोचे से मुलाकात की।

सोमवार को बातचीत के बाद पार्कडेल-हाई पार्क जाती हुई एमपीपी ने ट्वीट किया कि वह केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सिक्योंग से मिलकर सम्मानित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'उनका ओंटारियो में तिब्बती समुदाय के घर पार्कडेल में स्वागत करना अद्भुत अनुभव था।'

सिक्योंग ने भी यही भावना व्यक्त की और ट्वीट किया कि उन्हें तिब्बती युवाओं के लिए निरंतर प्रेरणा का काम करनेवाली

ओंटारियो पॉर्लियामेंटरी फ्रेंड्स ऑफ तिब्बत' की अध्यक्ष और कनाडा की एमपीपी भूटीला करपोछे से मुलाकात के दौरान सिक्योंग पेम्पा छेरिंग

और अपने अनुकरणीय कार्य के साथ नेतृत्व करने वाली एमपीपी भूटीला करपोछे पर गर्व है।
सिक्योंग ने ट्वीट किया, 'तिब्बतन हेरिटेज मंथ ऐक्ट पारित कराने के साथ ही उनके कार्य और उनकी पहल ऐसे कार्य हैं जो दिखाता है कि यह प्रभाव तिब्बती अपने अंदर पैदा कर सकते हैं। आज उनसे मिलकर खुशी हुई।'

एमपीपी करपोछे ने सीटीए में बैठक के दौरान प्रतिनिधि डॉ नामग्याल चोएडुप, सीटीए के प्रवक्ता तेनजिन लेक्षय और सीटीए के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

• जेएनयू की कुलपति और प्रशासकों से मिले शिक्षा कालोन व सचिव

tibet.net, ०२ मई २०२२

धर्मशाला। सीटीए के शिक्षा विभाग की कालोन थरलाम डोल्मा चांगरा और सचिव जिग्मे नामग्याल ने २८ अप्रैल को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति प्रो. शांतिश्री डी. पंडित से मुलाकात की।
कुलपति के साथ बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने फीस वृद्धि के बाद जेएनयू में तिब्बती छात्रों के सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही साथ प्रशासकों को जेएनयू से उत्तीर्ण हुए तिब्बती स्नातकों के बारे में सूचित किया गया। ये स्नातक सीटीए के विभिन्न विभागों, जेएनयू और दुनिया भर में विभिन्न संगठनों में काम कर रहे हैं।

जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी. पंडित के साथ सीटीए के शिक्षा विभाग की कालोन थरलाम डोल्मा चांगरा और सचिव जिग्मे नामग्याल

शिक्षा कालोन ने आगे उल्लेख किया कि जेएनयू में पढ़ने वाले तिब्बती छात्र मुख्य रूप से भारत में तीसरी और चौथी पीढ़ी के तिब्बती हैं, जिनकी स्कूली शिक्षा सीबीएसई से संबद्ध तिब्बती स्कूलों में पूरी हुई है। इसलिए, तिब्बती छात्रों की वित्तीय स्थिति अन्य अंतरराष्ट्रीय छात्रों के बराबर नहीं हो सकती है। इसलिए उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रशासकों से तिब्बती छात्रों की समस्या को समझने का अनुरोध किया।
इसके अलावा, शिक्षा कालोन और सचिव ने संभूता स्कूलों के निदेशक के साथ केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के आईआईएस आयुक्त निधि पांडे और उनके सहयोगियों से भी मुलाकात की और २७ अप्रैल को सीटीएसए के तहत पहले तिब्बती स्कूलों के लिए धन प्राप्त करने पर चर्चा की। उन्होंने दोनों संस्थानों के बीच समझौता करने के बारे में भी बातचीत की।
